लखनऊ, गुरुवार
17 जनवरी 2019

नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 24+4=28

दैनिक जागरण

अब मात्र ₹ 3.00* में सोमवार से शुक्रवार*

www.jagran.com

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



यूपी ने कसा सौराष्ट्र पर शिकंजा 20

तीसरे दौर में पहुंचे फेडरर और नडाल 20

स्वच्छता सैनिकों को किया रवाना

लखनऊ : गोमतीनगर के राजीव गांधी वार्ड(द्वितीय) के 86 स्वच्छता सैनिकों (सफाई कर्मचारियों) को नगर आयुक्त डॉ .इंद्रमणि त्रिपाठी ने झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन कर्मचारियों को दो दिन पूर्व नगर निगम अंकित ट्रैक सूट, जूता-मोजा, टोपी दी गई थी। इस अवसर पर नगर निगम कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष एवं पार्षद अरुण कुमार तिवारी, स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष डॉ . बीआर सिंह, सचिव नारायण सिंह, उज्ज्वल चौधरी, जय पाण्डेय, जसरूप सिंह तथा जोनल अधिकारी सुजीत कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अरुण कुमार तिवारी, जोनल अधिकारी सुजीत कुमार श्रीवास्तव और जोनल सफाई अफसर प्रवीण वर्मा और कार्यदायी संस्था के प्रतीश को नगर आयुक्त ने मेयर द्वारा प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र दिया।